# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 5

Chapter Name : मिठाई वाला

Q1 मिठाईवाला अलग- अलग चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

Answer.मिठाईवाला हमेशा बदल-बदल कर चीज़ें इसलिए बेचता था क्योंकि वह बच्चों को हमेशा खुश करना चाहता था और वह जानता था कि बच्चे एक जैसा सामान देखकर खुश नहीं होंगे | वह हमेशा एक महीने बाद इसलिए आता था क्योंकि उसे तरह-तरह की चीज़ें बनवाने में कम से कम एक महीने का वक़्त लगता था |

Page : 30, Block Name : कहानी से ।

Q2. मिठाईवाले में वे कौन से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे?

Answer. मिठाईवाले के पास बच्चे तो बच्चे, बड़े भी खिंचे चले आते थे क्योंकि वह बहुत ही मधुर आवाज़ में गाता था | वह अधूरे वाक्यों को ऐसे विचित्र मादक ढंग से गाता था की सुनने वाले एक बार में अस्थिर हो उठते थे | उसकी मधुर आवाज़ को सुनकर सभी बच्चों और बड़ों के बीच में हलचल मच जाती थी |

Page : 30, Block Name : कहानी से ।

Q3 . विजय बाबू एक ग्राहक थे और मुरलीवाला एक विक्रेता । दोनों अपने-अपने पक्ष के समर्थन में क्या तर्क पेश करते हैं?

Answer. विजय बाबू ग्राहक होते हुए अपना तर्क रखते हैं और कहते है कि तुम सभी को दो-पैसे में ही देते हो और हमसे झूठ बोल-कर हमपर एहसान लाद देते हो |

इसके जवाब में मुरली वाले ने अपना तर्क दिया था की दुकानदार चाहे अपना नुकसान करके सामान बेचे तब भी ग्राहकों को लगेगा की दुकानदार ने उन्हें लूट लिया, जबकि ग्राहकों को सामान की सही कीमत का कोई भी अंदाज़ा नहीं होता है |

Page : 30, Block Name : कहानी से ।

aglasem.com

Q4.खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?

Answer.जब खिलौनेवाला आता था तब सभी बच्चे उसे झुंड बनाकर घेर लेते थे और वह वही पर अपनी पोटली खोलकर बैठ जाता था | बच्चे खिलोने देखकर बहुत ही खुश होते और पैसे लेकर मोल-भाव करने लगते थे | खिलौनेवाला जब उन्हें उनकी पसंद के खिलोने दे देता था तब सभी बच्चे ख़ुशी से उछलने-कूदने लगते थे |

Page : 30, Block Name : कहानी से

Q5 .रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण क्यों हो आया?

Answer.रोहिणी को मुरली वाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण इसलिए हुआ क्योंकि उसे मन-ही-मन याद आ रहा था की खिलौनेवाला भी इसी तरह गा-गा कर खिलौने बेचा करता था | खिलौनेवाला की आवाज़ भी इसी मुरली वाले की तरह मधुर थी |

Page : 30, Block Name : कहानी से ।

Q6 .किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया?

Answer. रोहिणी की बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था क्योंकि उसको अपने परिवार की याद आ गयी थी | उसने बताया की वह अपने नगर का बहुत ही बड़ा आदमी था, उसकी बीवी और दो बच्चे भी थे परन्तु अब उसका कोई भी नहीं है | उसने यह भी कहा था इन सभी बच्चों को हँसता-खेलता देख उसे ऐसा लगता है जैसे की उसी के बच्चे खेल रहे हो |

Page : 30, Block Name : कहानी से ।

Q7 . ‘ अब इस बार ये पैसे न लूँगा -कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा ?

Answer. मिठाईवाले ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि पहली बार किसी ने उससे उसके परिवार के बारे में पूछा था और पहली बार ही उसने अपने बीवी-बच्चों के बारे में किसी को बताया था | और जब चुन्नू-मुन्नू ने आकर मिठाई मांगी तो उसको ऐसा लगा की मानो वह उसके खुद के बच्चे हों |

Page : 30, Block Name : कहानी से

aglasem.com

Q.8. इस कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है । क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती हैं ? यदि करती हैं तो क्यों? आपकी राय में क्या यह सही है?

Answer. आज के ज़माने में पुरुष और स्त्री को सामान अधिकार हैं, इसलिए बड़े शहरों में कोई भी औरत चिक के पीछे से बात नहीं करती सभी सामने से ही बात करते हैं | परन्तु आज भी कुछ गांव ऐसे हैं जो इन रूढ़िवादी प्रथाओं से मुक्त नहीं हो पाए हैं और वहाँ आज भी औरतें चिक के पीछे से ही बात करती हैं | यह गलत प्रथा है क्योंकि स्त्री और पुरुष को समान अधिकार प्राप्त होना चाहिए |

Page : 30, Block Name : कहानी से ।

कहानी से आगे

Q1 मिठाईवाले के परिवार के साथ क्या हुआ होगा? सोचिए और इस आधार पर एक और कहानी बनाइए?

Answer - मिठाईवाले के परिवार में उसकी पत्नी और उनके दो बच्चे थे | पत्नी और बच्चे किसी दुर्घटना का शिकार हुए होंगे |

Page : 30, Block Name : कहानी से आगे

Q2 हाट-मेले, शादी आदि आयोजनों में कौन-कौन सी चीज़ें आपको सबसे ज़्यादा आकर्षित करती हैं? उनको सजाने-बनाने में किसका हाथ होगा? उन चेहरों के बारे में लिखिए।

Answer - हाट-मेले, शादी आदि आयोजनों में खाने की चीज़े, खिलौने, झूले आदि सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं | खाने की चीज़े बनाने में हलवाइयों का, खिलौने बनाने में कारीगरों, कुम्हारों का परिश्रम होता हैं | झूले बनाने में भी बहुत से लोगों की मेहनत होती हैं |

Page : 30, Block Name : कहानी से आगे

Q3 इस कहानी में मिठाईवाला दूसरों को प्यार और ख़ुशी देकर अपना दुख कम करता है | इस मिज़ाज की और कहानियाँ, कविताएँ ढूँढ़िये और पढ़िए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page : 30, Block Name : कहानी से आगे

अनुमान और कल्पना

Q1 आपकी गलियों में कई अजनबी फेरीवाले आते होंगे | आप उनके बारे में क्या-क्या जानते हैं? अगली बार जब आपकी गली में कोई फेरीवाला आए तो उससे बातचीत कर जानने की कोशिश कीजिए |

aglasem.com

Answer - छात्र अपनी जगह के अनुभव लिखे |

Page : 30, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 आपके माता-पिता के ज़माने से लेकर अब तक फेरी की आवाज़ों में कैसा बदलाव आया है? बड़ों से पूछकर लिखिए।

Answer - पहले के ज़माने में महिलाएँ बाज़ार जाकर सामान नहीं खरीद पाती थी और हर जगह सभी वस्तुएँ उपलब्ध नहीं होती थी इसलिए फेरीवाले अलग-अलग वस्तुएँ बेचने आते थे | लेकिन अब सभी जगह सब वस्तुएँ उपलब्ध होती है इसलिए लोग बाजार जाकर दुकानों से ही खरीददारी करते हैं | फेरीवालों की संख्या में कमी आयी है क्योंकि अब कम ही लोग इनसे सामान खरीदते हैं |

Page : 31, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3. क्या आपको लगता है कि - वक्त के साथ फेरी के स्वर कम हुए हैं? कारण लिखिए |

Answer -वक्त के साथ फेरी के स्वर कम हुए हैं क्योंकि अब लोग स्वयं दुकानों पर जाकर सामान खरीदते हैं | दुकानों में उन्हें ज्यादा विकल्प मिलते है और फेरीवाले के पास सीमित विकल्प होते हैं |

Page : 31, Block Name : अनुमान और कल्पना

भाषा की बात

Q1. मिठाईवाला,  बोलनेवाली गुडिया

- ऊपर 'वाला' का प्रयोग है। अब बताइए कि-

क)' वाला' से पहले आनेवाले शब्द संज्ञा ,सर्वनाम , विशेषण आदि में से क्या हैं?

ख) ऊपर लिखे वाक्यांशों में उनका क्या प्रयोग है ?

Answer.क)'मिठाई' एक संज्ञा है और 'बोलना' एक क्रिया है |

ख)मिठाईवाले में मिठाई शब्द और बोलनेवाली गुड़िया में बोलनेवाली इन शब्दों की विशेषता बता रहे हैं |

Page : 31, Block Name : भाषा की बात

Q2. "अच्छा मुझे ज़्यादा वक्त नहीं, जल्दी से दो ठो निकाल दो | "

- उपर्युक्त वाक्य में 'ठो' के प्रयोग की ओर ध्यान दीजिए | पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की भाषाओं में इस शब्द का प्रयोग संख्यावाची शब्द के साथ होता है, जैसे, भोजपुरी में - एक ठो लइका, चार ठे आलू, तीन ठे बटुली |

aglasem.com

- ऐसे शब्दों का प्रयोग भारत की कई अन्य भाषाओं/बोलियों में भी होता है | कक्षा में पता कीजिए कि किस-किस की भाषा-बोली में ऐसा है | इस पर सामूहिक बातचीत कीजिए |

Answer - छात्र कक्षा में बातचीत कर स्वयं करे |

Page : 31, Block Name : भाषा की बात

Q3. "वे भी, जान पड़ता है, पार्क में खेलने निकल गए हैं | "

"क्यों भई, किस तरह देते हो मुरली?"

"दादी, चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है | ज़रा कमरे में चलकर ठहराओ | "

- भाषा के ये प्रयोग आजकल पढ़ने-सुनने में नहीं आते | आप ये बातें कैसे कहेंगे?

Answer - लगता है वो पार्क में खेलने चले गए |

क्यों भाई मुरली का क्या दाम है ?

दादी चुन्नू-मुन्नू के लिए मिठाई लेनी है| उसे कमरे में बुलाओ |

Page : 31, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com